प्रेस विज्ञप्ति / Press Release **05 जून, 2023 / 05 June, 2023**

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों (एमएसएमईयों) को वित्तीय समाधान उपलब्ध कराने के लिए सिडबी ने एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए

SIDBI signs MoU with HDFC Bank Limited for providing financial solutions to MSMEs

- भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक (सिडबी), सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (**एमएसएमई**) के *संवर्द्धन*, वित्तपोषण और विकास में संलग्न देश की एक प्रमुख वित्तीय संस्था है और सिडबी ने एमएसएमईयों को वित्तीय समाधान उपलब्ध कराने के लिए **एचडीएफसी** बैंक लिमिटेड के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) किया है। समझौता ज्ञापन श्री वी. सत्य वेंकट राव, उप प्रबंध निदेशक, सिडबी और श्री अखिलेश कुमार रॉय, कार्यकारी उपाध्यक्ष, नेशनल हेड सेल्स एक्सीलेंस एंड ट्रांसफॉर्मेशन, एचडीएफसी बैंक लिमिटेड द्वारा निष्पादित किया गया था।

Small Industries Development Bank of India (SIDBI), the country's Principal Financial Institution engaged in the promotion, financing and development of Micro, Small and Medium Enterprises (MSME), has entered into a Memorandum of Understanding (MoU) with HDFC Bank Limited for providing financial solutions to MSMEs. The MoU was executed by Shri V. Satya Venkata Rao, Deputy Managing Director, SIDBI and Shri Akhilesh Kumar Roy, Executive Vice President National Head Sales Excellence and Transformation, HDFC Bank Limited.

समझौता ज्ञापन के तहत, सिडबी और एचडीएफसी बैंक लिमिटेड सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) के ग्राहकों को पूर्ण वित्तीय उत्पाद और सेवाएं प्रदान करने के लिए मिलकर कार्य करेंगे। समझौता ज्ञापन से एमएसएमई इकाइयों को निर्बाध तरीके से पूर्ण वित्तीय समाधान उपलब्ध करवाना सुगम होगा ।

Under the MoU, SIDBI and HDFC Bank Limited would work together to provide complete financial product & services to the customers under Micro, Small and Medium Enterprises (MSME). The MoU will facilitate providing complete financial solutions to MSMEs in a seamless manner.

एचडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ व्यवस्था के संबंध में, श्री वी. सत्य वेंकट राव, उप प्रबंध निदेशक, सिडबी ने कहा, "सिडबी तीन दशकों से अधिक समय से एमएसएमई को उच्चतर ऊंचाइयां हासिल करने में सहायता कर रहा है। एमएसएमई इकाइयों को सर्वोत्तम संभव वित्तीय सेवाएं प्रदान की जानी चाहिए क्योंकि वे राष्ट्र के विकास और अर्थव्यवस्था को चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। यह व्यवस्था एमएसएमई

इकाइयों को दोनों बैंकों के वित्तीय उत्पादों और सेवाओं का लाभ उठाने में सक्षम बनाएगी। इस व्यवस्था के माध्यम से दोनों बैंक अधिक एमएसएमई इकाइयों को वित्तीय पारिस्थितिकी तंत्र का हिस्सा बनाने का प्रयास करेंगे।"

As regards the arrangement with HDFC Bank Limited, Shri V. Satya Venkata Rao, Deputy Managing Director, SIDBI said, *"SIDBI has been supporting MSMEs in achieving greater heights for more than three decades. MSMEs should be provided with the best possible financial services as they play a key role in the development of the nation and driving the economy. This arrangement will enable MSMEs to avail financial products and services of both the banks. Both banks will endeavor to bring more MSMEs in financial ecosystems through the arrangement."*

सिड्बी के बारे में: 1990 में अपने गठन के बाद से सिडबी अपने एकीकृत, अभिनव और समावेशी दृष्टिकोण के माध्यम से समाज के विभिन्न स्तरों पर नागरिकों के जीवन को प्रभावित कर रहा है। सिडबी ने प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से विभिन्न ऋण और विकासात्मक उपायों के माध्यम से सूक्ष्म और लघु उद्यमियों (एमएसई) के जीवन को स्पर्श किया है, चाहे ये पारंपरिक व घरेलू छोटे उद्यमी हों; उद्यमिता पिरामिड के निम्नतम स्तर के उद्यमी हों अथवा उच्चतम स्तर के ज्ञान-आधारित उद्यमी हों। सिडबी 2.0 समावेशी, अभिनव और प्रभाव-उन्मुख संबद्धताओं की दृष्टि को अपने साथ लेकर चल रहा है।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट https://www.sidbi.in पर जाएँ।

About SIDBI: Since its formation in 1990, SIDBI has been impacting the lives of citizens across various strata of the society through its integrated, innovative and inclusive approach. Be it traditional, domestic small entrepreneurs, bottom-of-the-pyramid entrepreneurs, to high-end knowledge-based entrepreneurs, SIDBI has directly or indirectly touched the lives of Micro and Small Enterprises (MSEs) through various credit and developmental engagements. SIDBI 2.0 carries the vision of inclusive, innovative and impact-oriented engagements.

To know more, check out: https://www.sidbi.in